हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 28 अगस्त 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 संभाग स्तरीय शालेय ताइक्वांडो प्रतियोगिता...



08 महंगाई, बिजली, स्मार्ट मीटर के विरोध में उतरे...



## खबर संक्षेप

### मिलावटखोरी पर सख्ती मिठाई दुकानों की जांच

**विदिशा।** रक्षाबंधन पर्व को देखते हुए जिले में मिलावटखोरी के खिलाफ खाद्य सुरक्षा प्रशासन और राजस्व विभाग की संयुक्त कार्रवाई जारी है। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर गुरुवार को खाद्य सुरक्षा टीम ने विदिशा नगर की विभिन्न मिठाई दुकानों का निरीक्षण किया। कांच मंदिर के समीप शर्मा श्री मावा से मावा का नमूना लिया गया, जबकि माधवगंज स्थित मोतीश्री स्वीट्स से फेनी, बर्फी और पेड़ा के नमूने एकत्र किए गए। सभी नमूनों को जांच के लिए प्रयोग शाला भेजा जाएगा। जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### उत्कृष्ट के छात्रों ने वृक्षों को बांधे रक्षा सूत्र

**विदिशा।** उत्कृष्ट विद्यालय में रक्षाबंधन पर्व की पूर्व संध्या पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए छात्राओं ने वृक्षों को रक्षा सूत्र बांधे। अकादमिक प्रभारी एवं राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त शिक्षक विजय श्रीवास्तव ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य छात्राओं में वृक्षों की सेवा, सुरक्षा और पालन-पोषण के प्रति जागरूकता पैदा करना था। छात्राओं ने मां सरस्वती को भी रक्षा सूत्र बांधकर आशीर्वाद प्राप्त किया। प्राचार्य खजान सिंह ने रक्षाबंधन के महत्व और इतिहास पर प्रकाश डालते हुए सभी को शुभकामनाएं दीं। आयोजन में उमेश ताम्रकार, पिंकी विश्वकर्मा, लक्ष्मी शर्मा, डॉ. सरोज, धर्मेंद्र जैन सहित समस्त स्टाफ का सहयोग रहा।

### 15 राशन दुकानों के लिए ऑनलाइन करें आवेदन

**विदिशा।** जिले में रिक्त 15 शासकीय उचित मूल्य दुकानों के नवीन आवंटन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। संयुक्त कलेक्टर एवं जिला आपूर्ति अधिकारी मनीष जैन ने बताया कि पात्र संस्थाएं एवं समूह 31 अगस्त से 15 सितंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। पूर्व आवंटन संबंधी कार्यवाही निरस्त होने से विदिशा क्षेत्र में 4, नटेरन क्षेत्र में 4 तथा सिरोंज क्षेत्र में 7 दुकानें रिक्त हुई हैं। इनमें कबूला, गूडरा, परसूखेड़ी, सतपाड़ा, हासनपुर, रिनिया, खरोर, पडरिया जागीर, संतोषपुर, पथरिया, सियलपुर, छापू, ललितपुर, परसोरा एवं नियाखेड़ी शामिल हैं।

**सरकार पर प्रहार:** माधवगंज चौराहे से तिलकचौक तक निकाली रैली

# महंगी शक्कर को बंदूक के पहरे में लेकर सड़कों पर उतरी कांग्रेस, महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

बढ़ती महंगाई के विरोध में जिला कांग्रेस के निर्देशन में नगर कांग्रेस ने गुरुवार को शहर में जोरदार प्रदर्शन किया। माधवगंज चौराहे से तिलक चौक तक निकाली गई रैली में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अनोखे और आकर्षक प्रतीकों के माध्यम से महंगाई के मुद्दे पर सरकार को घेरते हुए जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान महंगी शक्कर को सुरक्षा घेरे में रखकर बंदूक के साथ चलना और प्याज की माला पहनकर अर्धनग्न प्रदर्शन करना लोगों के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।




विदिशा। हाथों में नारे लिखी तख्तियां लेकर निकले कांग्रेसी। दुकानों पर खड़े ग्राहकों को भी दिखाईं।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी एवं नगर कांग्रेस अध्यक्ष रवि साहू के नेतृत्व में आयोजित इस प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं ने बढ़ती कीमतों को लेकर सरकार के खिलाफ अपना आक्रोश व्यक्त किया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि आम आदमी महंगाई से बुरी तरह परेशान है और रोजमर्रा की जरूरतों की वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ने से घरेलू बजट बिगड़ता जा रहा है। रैली के दौरान एक ऑटो रिक्शा में लाउडस्पीकर लगाकर महंगाई विरोधी गीत बजाए गए। वहीं कार्यकर्ता ढपले और दल-दल घोड़ी के साथ नारे लगाते हुए आगे बढ़े। पूरे मार्ग में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार विरोधी नारेबाजी कर महंगाई के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया।

### प्रदर्शन में ये रहे शामिल

महंगाई के विरुद्ध आयोजित प्रदर्शन में जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी, नगर अध्यक्ष रवि साहू, रणधीर सिंह, पंकज जैन, जिनेश जैन, सुशील शर्मा, नीतू सिंह राजपूत, गोविंद भार्गव, अर्पित उपाध्याय, अवधेश दुबे, रामराज दांगी, विनीत दांगी, बंटी सक्सैना, चीनू भारद्वाज, प्रसंग जैन, मुआज़ कामिल, संजय यादव, राजकुमार पासी, लक्ष्मीनारायण बघेल, ब्रजेंद्र वर्मा, देव साहू, सुनील शर्मा, जावेद मंसूरी, जीवन, गोलू अवस्थी, सेन, हल्के वकील साहब, संध्या, रीना, रामसखी श्याम रघुवंशी, सुमित पाल, राहुल रघुवंशी, संतोष चिढ़ार, असलम पटेल, राकेश जोशी, रामचरण और राजकुमार लोधी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन एवं कांग्रेस के विभिन्न मोर्चा संगठनों के पदाधिकारी शामिल हुए। कांग्रेस ने संदेश दिया की महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। सरकार को बढ़ती कीमतों पर नियंत्रण कर जनता को राहत देनी चाहिए।

### पेट्रोल और गैस पर भी सरकार को घेरा

कांग्रेस ने प्रदर्शन के दौरान महंगी शक्कर, ई-20 पेट्रोल, लगातार बढ़ते बिजली बिल और रसोई गैस सिलेंडर के दामों को प्रमुख मुद्दा बनाया। कांग्रेस नेताओं का कहना था कि खाद्य सामग्री से लेकर ईंधन और बिजली तक की बढ़ती कीमतों का सीधा असर आम परिवारों पर पड़ रहा है। महंगाई ने रसोई और घरेलू खर्च का संतुलन बिगाड़ दिया है।

# बसस्टैंड पर रात दो बजे कार ने बाइक व ऑटो को टक्कर मारी

**3 घायल, 2 की हालत गंभीर, भोपाल रेफर**



विदिशा। हादसे में बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। रात 2 बजे हुआ हादसा।

- कार किसकी है और कौन चला रहा था, अभी स्पष्ट नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

बुधवार-गुरुवार की दरम्यानि रात रात 2 बीच एक तेज रफ्तार वेन्यू कार ने बाइक और ऑटो को टक्कर मार दी। हादसे में 4 लोग घायल हुए हैं जिनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। जिन्हे प्राथमिक इलाज के बाद भोपाल रेफर किया गया है। घायलों की पहचान सुनील लोधी, करण लोधी, राजवीर लोधी और कुलदीप विश्वकर्मा के रूप में हुई है। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार सड़क पर यहां-वहां गिरे पड़े। हादसे के बाद बस स्टैंड परिसर में अफरा-तफरी मच गई और आसपास रहने वाले लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। गंभीर घायल दो लोगों को भोपाल रेफर कर दिया गया। दो का विदिशा में उपचार चल रहा है।

### कार तेज रफ्तार थी

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार तेज रफ्तार में थी उसने पहले बाइक सवारों और फिर ऑटो को टक्कर मारी। हादसे की वास्तविक वजह अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस जांच कर रही है। हादसे की वजह का पता लगाने के लिए बस स्टैंड और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस कार चालक और हादसे से जुड़े अन्य तथ्यों की भी जांच कर रही है।

# पिता की पसंद से शादी करने से इनकार किया तो 6 महीने तक कमरे में बंद रखा

**चाइल्ड लाइन में शिकायत पर कमरे में बंद 16 वर्षीय किशोरी का रेस्क्यू किया**

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर शिकायत मिली की हैदरगढ़ क्षेत्र में लगभग 6 माह से घर के एक कमरे में एक 16 वर्षीय बालिका को बंद करके रखा गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विनीता कांसवा ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए तत्काल टीम गठित की। टीम में संरक्षण अधिकारी सरिता शुक्ला, पर्यवेक्षक सोनू प्रजापति, थाना प्रभारी रघुराज सिंह रघुवंशी तथा तहसीलदार रघुनंदन शुक्ला शामिल थे।



**बालिका बोली: मेरे एक पैर को कुल्हाड़ी से काटा**

टीम ने बालिका के घर पहुंचकर कार्रवाई की, जहां वह एक कमरे में डरी-सहमी अवस्था में मिली। टीम ने उसे सुरक्षित बाहर निकालकर संरक्षण प्रदान किया। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष रामबाबू प्रजापति एवं सदस्यों ने बालिका के कथन दर्ज किए। बालिका ने आरोप लगाया कि पिता की इच्छा के अनुसार विवाह करने से इनकार करने पर मारपीट और हिंसा की गई तथा उसे कमरे में बंद रखा गया। उसने अपने एक पैर को कुल्हाड़ी से काटे जाने संबंधी कथन भी दिए।

# जिला पंचायत अध्यक्ष को आमंत्रित न करने पर ट्रिनिटी कॉन्वेंट स्कूल को कारण बताओ नोटिस

**'हर घर तिरंगा' और 'नशा मुक्त भारत' रैली में नहीं दिया गया था निमंत्रण, तीन दिन में मांगा जवाब**

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

ट्रिनिटी कॉन्वेंट स्कूल द्वारा आयोजित शासकीय एवं सामाजिक कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी को आमंत्रित नहीं किए जाने के मामले में जिला शिक्षा अधिकारी ने स्कूल प्रबंधन को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जिला पंचायत अध्यक्ष ने इस मामले को प्रोटोकॉल का उल्लंघन बताते हुए गंभीर रोष व्यक्त किया था। 14 अगस्त को ट्रिनिटी कॉन्वेंट स्कूल में 'हर घर तिरंगा' एवं 'नशा मुक्त भारत' विषय पर जागरूकता रैली आयोजित की गई।



कार्यक्रम में विधायक एवं नपाध्यक्ष को आमंत्रित किया गया, लेकिन जिपं अध्यक्ष को आमंत्रण नहीं दिया गया। इसे लेकर गीता कैलाश रघुवंशी ने कलेक्टर को पत्र लिखकर मामले की जांच एवं कार्रवाई की मांग की थी। मामले में कलेक्टर द्वारा संज्ञान लिए जाने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने 27 अगस्त को स्कूल के प्राचार्य एवं संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी किया। नोटिस में तीन दिन के भीतर लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

जिला शिक्षा अधिकारी ने भविष्य में शासकीय, राष्ट्रीय, सामाजिक एवं जन-जागरूकता कार्यक्रमों में संबंधित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को आमंत्रित करते समय प्रचलित प्रोटोकॉल और शासकीय निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने को कहा है। पुनरावृत्ति होने पर नियमानुसार जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने कहा कि जिला पंचायत अध्यक्ष जिले का प्रमुख संवैधानिक जनप्रतिनिधि पद है और ऐसे कार्यक्रमों में उन्हें आमंत्रित नहीं किया जाना निंदनीय है। उन्होंने कहा कि भविष्य में किसी भी विभाग या संस्था द्वारा इस प्रकार की लापरवाही दोहराए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

**कुरवाई पुलिस का शिकंजा, शातिर चोर गिरफ्तार**

# 10 थाना क्षेत्रों से चोरी कीं 16 बाइक आरोपी पर पहले से 17 अपराध दर्ज

- अपने पास रखीं बाइकों की पुरानी चाबियों से लॉक खोलता था शातिर बाइक चोर।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

जिले में लगातार हो रही वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत कुरवाई पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने मंडी बामोरा के पास से एक शातिर आदतन वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर विभिन्न थाना क्षेत्रों से चोरी की गई 16 मोटरसाइकिलें, जिनकी अनुमानित कीमत 18 लाख रुपए है, बरामद की हैं।

पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के दौरान मुखबिर सूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस को आरोपी के मंडी बामोरा क्षेत्र में चोरी के वाहन छिपाकर बेचने की फिराक में होने की जानकारी मिली। एएसपी अधीक्षक मोनिका तिवारी एवं एसडीओपी कुरवाई रोशनी सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक आरके मिश्रा के नेतृत्व में टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को हिरासत में लिया।

गिरफ्तार आरोपी देवा उर्फ देवानंद पिता रामलाल अहिरवार (40), ग्राम गुलौआ, थाना बीना जिला सागर का निवासी है। पूछताछ में उसने कुरवाई, पथरिया, दीपनाखेड़ा, देहात व शहर बासौदा, गुलाबगंज, बहादुरपुर, बजरंगगढ़, अशोकनगर, मंडी बामोरा सहित अन्य क्षेत्रों से वाहन चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस के अनुसार आरोपी भीड़भाड़ वाले स्थानों पर खड़ी मोटरसाइकिलों की रेकी करता था और अपने पास रखी पुरानी चाबियों से लॉक खोलकर वाहन चोरी कर ले जाता था।



### कई थानों में आरोपी के खिलाफ मामले दर्ज

बाइक चोरी करने का यह काम चोर पहले से करता आ रहा है और इतनी बड़ी संख्या में बाइक चुराने के बाद अब वह बाइक चोरी करने में माहिर हो गया था। किसी भी बाइक को निशाना बनाने के बाद वह मिनटों में लॉक खोलकर उसे चालू कर रफूचक्कर हो जाता था और बाइक मालिक सोचता रह जाता था कि अभी तो बाइक खड़ी की थी इतनी जल्दी कैसे गायब हो गई। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए आरोपी देवा उर्फ देवानंद पिता रामलाल अहिरवार के खिलाफ पूर्व से विभिन्न थाना क्षेत्रों में 17 अपराध दर्ज हैं, जबकि वर्ष 2026 में कुरवाई थाने में भी उसके विरुद्ध वाहन चोरी के तीन मामले दर्ज हैं।

**मप्र जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में विदिशा के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन**

# 35 खिलाड़ियों ने लिया प्रतियोगिता में हिस्सा 9 खिलाड़ियों ने जीते 2 रजत व 7 कांस्य पदक

**विदिशा।** जबलपुर के पंडित रविशंकर शुक्ला राइट टाउन स्टेडियम में 21 से 23 अगस्त तक हुई 62वीं मप्र जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में विदिशा जिले के खिलाड़ियों ने 9 पदक अपने नाम किए। प्रतियोगिता में विदिशा के 35 खिलाड़ियों ने स्पर्धाओं में सहभागिता की। टीम के कोच एवं मैनेजर टिक्का कुशवाह ने बताया कि अंडर-20 वर्ग में तेजस्विनी राजपूत ने भाला फेंक में तथा अंडर-23 वर्ग में आदित्य लोधी ने 3000 मीटर स्टीपलचेज में रजत



पदक हासिल किया। कांस्य पदक विजेताओं में अंडर-18 वर्ग के संजय राजपूत ने गोला फेंक, ध्रुव अहिरवार ने 1000 मीटर दौड़ और योगांश शर्मा ने हाई जंप में पदक जीता। अंडर-20 वर्ग में रजनी अहिरवार ने भाला फेंक तथा अमृता अहिरवार ने 10 हजार मीटर दौड़ में कांस्य पदक प्राप्त किया। वहीं मुस्कान रैकवार ने 1500 मीटर दौड़ और अंडर-14 वर्ग के हनी राजपूत ने ट्रैकाथलॉन-ए ग्रुप में कांस्य पदक जीता।

### सोयाबीन में नुकसान से किसान चिंतित मुआवजा और बीमा राशि की मांग उठाई

**ग्यारसपुर।** क्षेत्र में लगातार बारिश, अत्यधिक नमी और प्रतिकूल मौसम के कारण सोयाबीन की फसल को हो रहे नुकसान को लेकर भारतीय किसान संघ तहसील ग्यारसपुर ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर किसानों को राहत दिलाने की मांग की है। सोयाबीन फसल में अत्यधिक कीट प्रकोप के चलते किसानों द्वारा कीटनाशकों का छिड़काव करने के बावजूद फूल झड़ गए हैं। कई खेतों में फली नाममात्र की रह गई है, जिससे किसानों को भारी नुकसान की आशंका है। संघ ने मांग की कि प्रभावित फसलों का तत्काल सर्वे कराकर किसानों को उचित मुआवजा तथा फसल बीमा राशि दिलाई जाए। वहीं ग्यारसपुर मुख्यालय पर गौशाला का निर्माण कराने की मांग भी की गई। इसके अलावा किसानों ने गौवंश के जंगल में चरने को लेकर वन विभाग की रोक-टोक समाप्त करने तथा गायों को वन क्षेत्र में विचरण से नहीं रोकने की मांग रखी। भारतीय किसान संघ ने प्रशासन से किसानों की समस्याओं का शीघ्र निराकरण कर राहत प्रदान करने की मांग की है। इस अवसर पर किसान संघ के तहसील अध्यक्ष राजेश यादव सहित संघ के पदाधिकारी एवं किसान मौजूद रहे।

# बुजुर्गों की पीड़ा सुनी, संवाद से सुलझे पारिवारिक विवाद

**सीनियर सिटिजन पुलिस पंचायत में संवेदनशील पहल, कई मामलों में आपसी सहमति से समाधान**

### पुलिस पंचायत से बुजुर्गों को आसानी से मिल रहा न्याय

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

बुजुर्गों के सम्मान, सुरक्षा और समस्याओं के समाधान के लिए सीनियर सिटिजन पुलिस पंचायत का आयोजन किया गया। पुलिस पंचायत में वरिष्ठ नागरिकों से जुड़े 6 मामलों की सुनवाई की गई।

बैठक में पंचायत कोर कमेटी के सदस्य अतुल शाह, डीके बाजपेयी, डॉ. सचिन गर्ग, आरके कुलश्रेष्ठ, विनोद के. शाह, अजय टंडन एवं प्रमोद व्यास उपस्थित रहे। समिति ने पारिवारिक एवं संपत्ति संबंधी विवादों में दोनों पक्षों को सुनकर संवाद, परामर्श और आपसी सहमति के माध्यम से समाधान का प्रयास किया। एक मामले में बहू द्वारा गाली-गलौज एवं झूठे प्रकरण में फंसाने की धमकी से परेशान बुजुर्ग महिला की शिकायत पर समझाइश के बाद पुत्र एवं बहू सास-ससुर के साथ सामंजस्यपूर्वक रहने पर सहमत हुए। वहीं पारिवारिक व्यापार के बंटवारे को लेकर पिता-पुत्रों के बीच चल रहे विवाद में भी दोनों पक्षों ने भविष्य में विवाद न करने और साथ रहने की सहमति जताई।



विदिशा। पुलिस पंचायत में आए प्रकरणों की सुनवाई करते हुए समिति सदस्य।

### परिवारों में बुजुर्गों के साथ मारपीट भी

एक अन्य प्रकरण में बुजुर्ग दंपति ने पुत्र पर मारपीट, पैसों की मांग और घर से निकालने का आरोप लगाया। समझाइश के बाद आवेदक ने कार्रवाई पर संतुष्टि व्यक्त की। बहू द्वारा बुजुर्ग सास-ससुर को शारीरिक एवं मानसिक रूप से परेशान करने की शिकायत में भी देखभाल करने और भविष्य में परेशानी न देने पर सहमति बनी।

### बरईपुरा सांदीपनि विद्यालय के नवीन भवन निर्माण की राह साफ

**विदिशा।** सांदीपनि विद्यालय बरईपुरा के नवीन भवन निर्माण के लिए भूमि की स्थिति स्पष्ट हो गई है। विद्यालय हेतु कुल लगभग 5 एकड़ भूमि उपलब्ध है, जिसमें 1.5 एकड़ नवीन आवंटित शासकीय नजूल भूमि तथा लगभग 3 .5 एकड़ पूर्व से संचालित विद्यालय परिसर की भूमि शामिल है। कलेक्टर न्यायालय विदिशा के अनुपालन में 0 .6100 हेक्टेयर भूमि स्कूल शिक्षा विभाग के नाम आवंटित कर राजस्व अभिलेखों में दर्ज की जा चुकी है। भूमि मुख्य मार्ग से जुड़ी है और भवन, खेल मैदान व पार्किंग के लिए पर्याप्त स्थान है। विद्यालय तक वाहनों और बसों की सुगम पहुंच के लिए पुरानी मंडी परिसर की ओर से लगभग 3 मीटर चौड़ा मार्ग उपलब्ध कराया जा रहा है। परिसर में संचालित 50 सीटर छात्रावास के स्थानांतरण की कार्रवाई की जाएगी।

## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3600
उच्चतम भाव-6302
सरसों
न्यूनतम भाव-5800
उच्चतम भाव-7550
चना
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-6230
मसूर
न्यूनतम भाव-5200
उच्चतम भाव-6950
शरबती
न्यूनतम भाव-3291
उच्चतम भाव-4576
गेंहू
न्यूनतम भाव-2350
उच्चतम भाव-3092
मालवा शक्ति
न्यूनतम भाव-2520
उच्चतम भाव-2600
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2800
उच्चतम भाव-3000
बटरी
न्यूनतम भाव-3025
उच्चतम भाव-3200
मूंग
न्यूनतम भाव-1350
उच्चतम भाव-7010
धान
न्यूनतम भाव-2830
उच्चतम भाव-2830
मटर
न्यूनतम भाव-3160
उच्चतम भाव-3160
उड़द
न्यूनतम भाव-3600
उच्चतम भाव-3600

### कृषि मण्डी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मण्डी में गुरुवार को अनेक किसान अपनी उपज नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में 3229 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### मिठाई दुकानों की जा रही लगातार जांच

**गंजबासौदा।** खाद्य विभाग द्वारा क्षेत्र में मिठाई की दुकानों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में स्वीट्स गंगा होटल से मावा बर्फी, अखरोट बर्फी, मलाई लड्डू एवं सोन पपड़ी के नमूने लिए गए। इसी प्रकार मारवाड़ी होटल एंड रेस्टोरेंट से पनीर, मलाई बर्फी, बेसन नुक्ती, घी एवं सेव के नमूने जांच के लिए संकलित किए गए। विभाग की यह कार्रवाई त्यौहारों पर मिलावटी एवं दूषित खाद्य सामग्री के विक्रय को रोकने और नागरिकों को शुद्ध एवं स्वच्छ खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए की गई है।

### रिमझिम बारिश हुई

**गंजबासौदा।** गुरुवार को सुबह से लेकर शाम तक दिन में रुक रुक कर रिमझिम बारिश होती रही। जिससे सड़कों पर दो पहिया वाहनों में फिसलन देखी गई। रिमझिम बारिश के चलते मौसम में ठण्डक बनी रही। यहां उल्लेखनीय है कि इस वर्ष औसत वर्षा से कम वर्षा हुई है। मौसम की जानकारी देने वाली बेवसाइडों ने आगामी दिनों में बारिश के संकेत दिए हैं।

# नए बस स्टैंड का नाम हुआ महाराणा प्रताप बस स्टैंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

नगर के वार्ड क्रमांक 8 में स्थित मुख्य बस स्टैंड का नामकरण अब 'महाराणा प्रताप बस स्टैंड' कर दिया गया है। श्री महाराणा प्रताप राजपूत समिति द्वारा इस संबंध में लंबे समय से दिए जा रहे आवेदनों पर नगर पालिका परिषद ने अपनी सर्वसम्मति से मुहर लगा दी है। सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव की अनुशंसा पर नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने सभी पार्षदों की सहमति से यह प्रस्ताव परिषद की बैठक में पारित कराया। इसके पश्चात समिति के पदाधिकारियों को स्वीकृति पत्र भी प्रदाय किया गया। इस ऐतिहासिक निर्णय से संपूर्ण राजपूत समाज में हर्ष का माहौल है। स्वीकृति पत्र प्रदान करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने कहा कि राजपूत समाज उनके परिवार के समान है और समाज के हर जनकल्याणकारी व सामाजिक कार्य में नगर पालिका सदैव तत्पर रहेगी। कार्यक्रम के दौरान समिति के अध्यक्ष प्रवीण प्रताप सिंह जादौन ने नगर पालिका परिषद का आभार



जताते हुए कहा कि शहर के विकास और सम्मान की दिशा में यह एक बेहद सराहनीय कदम है। महासचिव प्रमोद सिंह राजपूत ने समाज की ओर से धन्यवाद पत्र का वाचन किया। सभी समाज बंधुओं ने नगर पालिका अध्यक्ष को पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मान पत्र भेंट किया।

इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष जगदीप सिंह, देवेंद्र सिंह जादौन, बसंत सिंह, अमान सिंह, सीबी सिंह गौतम, मुकेश सिंह, किशोर भदौरिया, संतोष सिंह, अखिलेश सिंह, शैलेंद्र राठौड़ सतनाम सिंह सहित समाज के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## नगर में बढ़ती आवारा सुअरों की संख्या से नगरवासी हो रहे परेशान

# नगरपालिका ने सुअर पालकों को दी तुरंत सुअर हटाने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

नगर पालिका क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे आवारा सुअरों से आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गलियों और मुख्य सड़कों पर झुंड में घूम रहे सुअरों के कारण गंदगी और बीमारी फैलने का खतरा बढ़ गया है। इसको लेकर नगर पालिका सीएमओ को कई दिनों से लगातार शिकायतें मिल रही थीं। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए गुरुवार को नगर पालिका परिषद में सुअर पालकों की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में नपा सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, नपा सीएमओ अशोक वर्मा एवं स्वास्थ्य अधिकारी धीरज मैना ने



सभी सुअर पालकों को सख्त निर्देश दिए कि वे अपने सुअरों को शीघ्र ही शहर से बाहर ले जाएं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सुअरों के कारण शहर की साफ-सफाई व्यवस्था बिगड़ रही है, नालियां जाम हो रही हैं और संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। यदि तय समय सीमा में सुअर पालकों ने अपने सुअर नहीं हटाए, तो नगर पालिका द्वारा विशेष अभियान चलाकर सभी आवारा सुअरों को पकड़वाया जाएगा और उन्हें शहर से बाहर भेज दिया जाएगा। साथ ही पालकों के विरुद्ध जुर्माने की कार्रवाई भी की जाएगी। नगरपालिका सीएमओ अशोक वर्मा के इस निर्णय का नगरवासियों ने स्वागत किया है। नागरिकों का कहना है कि वार्डों में सुअरों के कारण बच्चों का घर से निकलना भी मुश्किल हो रहा है और आए दिन हादसे होने का डर बना रहता है। बैठक में अधिकारी-कर्मचारी और सुअर पालक मौजूद रहे।

इस अवसर पर नगर के सुअर पालकों ने भी नपा प्रशासन को आश्वासन दिया है कि वे अपने अपने सुअरों को त्यौहार के बाद पकडकर शहर से बाहर कर देंगे या उन्हें बेच देंगे।

## डॉल्फिन में मनाया गया रक्षाबंधन




हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

गुरुवार को डॉल्फिन विद्यालय में रक्षाबंधन पर्व के उपलक्ष्य में जिन छात्राओं के भाई नहीं हैं, उन्होंने शिक्षकों को राखी बांधकर एवं जिन छात्रों की बहिनें नहीं हैं उन्होंने शिक्षिकाओं से राखी बंधवाकर त्यौहार मनाया। शिक्षकों ने भी बच्चों के प्रति स्नेह और अपनत्व व्यक्त करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया। विद्यालय में रक्षाबंधन का पर्व बड़े ही प्रेम, उत्साह और भावनात्मक वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रक्षाबंधन के महत्व को समझते हुए आपसी प्रेम, स्नेह और भाई-बहन के पवित्र रिश्ते की भावना को महसूस किया और यह संदेश दिया कि रिश्ते केवल जन्म से नहीं, बल्कि प्रेम, विश्वास और स्नेह से भी बनते हैं। विद्यालय परिवार ने इस आयोजन के माध्यम से बच्चों को प्रेम, सम्मान, सहयोग और रिश्तों की कद्र करने का सुंदर संदेश दिया। रक्षाबंधन का यह आयोजन सभी के लिए यादगार और भावुक क्षण बन गया। इससे पूर्व मंगलवार को प्राथमिक विभाग में भी जिन बहनों के भाई विद्यालय में अध्ययनरत हैं उन्होंने सुंदर वस्त्र पहनकर रक्षाबंधन जैसे तैयार होकर अपने भाईयों को राखी बांधी।

## टीईटी परीक्षा के विरोध में दिल्ली पहुंचेंगे पांच लाख शिक्षक

**गंजबासौदा।** शिक्षक संघर्ष संयुक्त मोर्चा की बैठक आयोजित की गई। जिसमे 30 अगस्त को दिल्ली चलने और TET परिक्षा के फार्म नही भरने पर रणनीति बनाई गई। बैठक का संचालन संदेश मिश्रा योग गुरू ने किया। इस अवसर मोर्चा के जिलाध्यक्ष प्रथ्वी सिंह रघुवंशी ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि TET से पूरी तरह मुक्ति बगैर केंद्र सरकार के संभव नही है। इसके लिए हमे एकता बनाए रखना है। 30 अगस्त को



दिल्ली पहुंचकर केन्द्र सरकार को अपनी एकता और शक्ति दिखाना है। प्राप्त जानकारी के अनुसार लगभग 5 लाख शिक्षकों के दिल्ली पहुंचने की संभावना है। वहीं शासकीय शिक्षक संगठन के संभाग कार्यकारी अध्यक्ष संजीव रघुवंशी ,जितेन्द्र नामदेव, शमशेर अली नकबी, जेपी दुबे ने कहा कि मध्य प्रदेश सरकार को तमिलनाडु सरकार की तरह संवेदन शीलता दिखाते हुए संकल्प पारित कर केन्द्र को भेजना चाहिए और प्रधान मंत्री से अनुरोध कर कार्यरत शिक्षकों को TET से पूरी तरह मुक्ति दिलवाना चाहिए। शिव नारायण सक्सेना, अजय शर्मा, दीपक नामदेव, विनोद श्रीवास्तव ,सुनील रघुवंशी, रमन ध्रुवें, कप्तान सिंह शाक्य ने कहा कि किसी भी शिक्षक को TET के फार्म नही भरना चाहिए। हम सभी को एकता बनाए रखना है, संगठन हमारे साथ है हमे पूरी निष्ठा से साथ निभाना है। लम्पूराम अहिरवार, भगवती सक्सेना, राहुल शर्मा, पूरन लोधी, संजय अहिरवार ने कहा कि हमे किसी के बहकावे में नही आना है। कुछ शिक्षक ज्यादा समझदार हैं वह साथ देने की जगह शिक्षकों के भविष्य से खेल रहे हैं। प्रकाश चौधरी, श्रवण साध्य, कमल सिंह लोधी, सुरेश अहिरवार,राम कृष्ण प्रजापति ने कहा कि शिक्षक भयभीत ना हो कोई फार्म नहीं भरे एक बार 2018 मे हम राज्य शिक्षा सेवा के फार्म संगठन के मना करने के उपरांत भी भर चुके थे। जिसका परिणाम यह निकला कि हमारी 20 वर्ष की वरिष्ठता शून्य कर दी गई। अनीता ठाकुर एवं अन्य मातृशक्तियों ने भी सभी शिक्षकों के साथ एक स्वर मे दिल्ली चलने और परीक्षा फार्म नहीं भरने का शिक्षकों से आव्हान किया है। इस अवसर पर बैठक में मुख्य रूप से निर्भयसिंह, रामराज सिंह दांगी, रामबाबू, जितेन्द्र सिंह, विजय नामदेव, दिनेश राजपूत, हरी सिंह, बाबू लाल, सुरेश अहिरवार, शिवेन्द्र देव शाक्य, बद्री प्रसाद पंथी आदि शिक्षक उपस्थित थे।

## संभाग स्तरीय शालेय ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए 5 खिलाड़ी चयनित



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

जिला स्तरीय शालेय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में सैण्ट एसआरएस पब्लिक हायर सैकण्डरी स्कूल के 5 खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए संभाग स्तरीय शालेय ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया है। चयनित खिलाड़ियों में कविता सोलंकी, दिशा यादव, बापी विश्वाश, कार्तिक विश्वकर्मा एवं यतिन दुबे शामिल हैं। सभी खिलाड़ियों ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज की। अब यह खिलाड़ी 1 से 3 सितंबर तक भोपाल में आयोजित होने वाली संभाग स्तरीय शालेय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में विदिशा जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। खिलाड़ियों को विद्यालय परिवार, संचालक, प्राचार्य, खेल शिक्षक, प्रशिक्षक एवं अभिभावकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए खिलाड़ियों को बधाई एवं आगामी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं हैं।

## मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने जरूरतमंदों को वितरित किए नवीन वस्त्र




हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

पैगम्बर हजरत मोहम्मद के जन्मदिन के मौके पर मुस्लिम राष्ट्रीय मंच द्वारा जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें मंच के कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर देश में अमन, भाईचारे और एकता के लिए दुआ की गई। कार्यक्रम के दौरान मंच की ओर से मानवता और सेवा के संदेश को आगे बढ़ाते हुए जरूरतमंद बच्चों और परिवारों को नवीन वस्त्रों का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुस्लिम राष्ट्रीय मंच गौ सेवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सह संयोजक सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने कहा कि पैगम्बर साहब ने हमेशा गरीबों की मदद और इंसानियत की सेवा का पैगाम दिया है, उसी पैगाम को हम समाज तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं। मंच अपने अखिल भारतीय मार्गदर्शक इंद्रेश कुमार के मार्गदर्शन मे हमेशा राष्ट्रहित और समाज सेवा के लिए कार्य करता रहेगा। यह दिन मोहब्बत, सेवा और इंसानियत के पैगाम को घर-घर पहुंचाने का दिन है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि इस दिन से अधिक से अधिक सेवा के कार्यक्रम किए जाएं ताकि सेवा ही सबसे बड़ा संदेश बने। इस अवसर पर मंच के सैयद शादाब अली, फरहान अली ,सादिक खान, फारूख खान, फिरोज खान, अजीम खान, हसीन खान आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अभिभाषक संघ ने की अपील

**गंजबासौदा।** अभिभाषक संघ के अध्यक्ष अमान सिंह राजपूत एवं समस्त कार्यकारिणी से नागरिकों ने नशे के कारोबार से जुडे आरोपियों की पैरवी न करने की मांग की है। इस विषय पर पूर्व में पारित प्रस्ताव के चलते अभिभाषक संघ ने सभी अभिभाषकों से अपील की है कि नागरिकों ने उक्त मांग इसलिए रखी है कि नशे के अवैध कारोबार में संलिप्त अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित हो सके और समाज को नशामुक्त बनाने के प्रयासों को बल मिले। अभिभाषक संघ गंजबासौदा ने सभी अभिभाषकों से अपील की है कि वे समाज एवं राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए नशामुक्ति अभियान में अपना नैतिक सहयोग प्रदान करें। नशे का अवैध व्यापार हमारे युवाओं, बच्चों और समाज के भविष्य के लिए गंभीर खतरा है। आज यदि हम इस सामाजिक बुराई के विरूद्ध संगठित होकर खडे नहीं होंगे तो आने वाली पीढियां इसके दुष्परिणाम भुगतने विवश होंगीं। अभिभाषक संघ ने अभिभाषकों एवं नागरिकों से अपील एवं आग्रह किया है कि हम सब मिलकर नशामुक्त गंजबासौदा, नशा मुक्त मध्य प्रदेश एवं नशा मुक्त भारत के निर्माण में अपना योगदान दें और मानवता, सामाजिक उत्तरदायित्व और राष्ट्रहित को प्राथमिकता प्रदान करें। साथ ही यह भी अपील की गई है कि आगामी 1 सितंबर को नगर में आयोजित होने जा रही जन जागरूकता रैली एवं सामाजिक आंदोलन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर अपना योगदान सुनिश्चित करें।

## एक अगस्त को निकाली जाएगी जनजागरण रैली

# रघुकुल युवा परिषद करेगा नशे के खिलाफ जनजागरण




हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

नशामुक्त गंजबासौदा के संकल्प को लेकर नगर के विभिन्न संगठन अपने-अपने स्तर पर जन जागरण में जुट गए हैं। इसी श्रृंखला में बरेठ रोड रघुवंशी धर्मशाला में रघुकुल युवा परिषद के तत्वावधान में रघुवंशी समाज की बैठक आयोजित हुई। जिसमें एक सितंबर को नशे के खिलाफ निकल रही जन जागरण रैली को सामूहिक समर्थन देते हुए सामाजिक बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहते हुए नागरिकों से जनजागरण रैली में शामिल होने की अपील की गई है। रघुवंशी धर्मशाला में आयोजित बैठक में परिषद के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने नशे के खिलाफ चल रही मुहिम को व्यापक जनभागीदारी से जोड़ने की रणनीति बनाई। बैठक में तय किया गया कि 29 अगस्त को नगर में प्रचार वाहन के माध्यम से सघन जनजागरण और रैली का आवाहन किया जाएगा, जबकि 1 सितंबर को होने वाली नशा मुक्ति जनजागरण रैली में अधिक से अधिक नागरिकों को शामिल होने के लिए प्रेरित किया जाएगा। रघुकुल युवा परिषद अब जनजागरण अभियान को शहर के हर हिस्से तक पहुंचाने में जुट गई है। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखने और शहर को नशामुक्त बनाने के लिए समाज के साथ-साथ प्रत्येक नागरिक को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। रघुवंशी समाज के प्रदेश अध्यक्ष प्रहलाद सिंह रघुवंशी ने कहा कि 29 अगस्त का प्रचार अभियान इसी जनजागरण की कड़ी होगा, जिसके बाद 1 सितंबर को शहर की सड़कों पर नशे के खिलाफ एकजुट नागरिकों की आवाज सुनाई देगी। परिषद के अध्यक्ष रोहित रघुवंशी ने बताया कि कार्यकर्ता पहले से ही शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों से संपर्क कर रहे हैं और उन्हें नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करते हुए इस अभियान से जुड़ने की अपील कर रहे हैं। नशे के खिलाफ लड़ाई किसी एक समाज या संगठन की नहीं, बल्कि पूरे शहर के भविष्य की लड़ाई है। इसलिए हर वर्ग की भागीदारी जरूरी है।

बैठक में 1 सितंबर की रैली को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक नागरिकों को जोड़ने और अभियान को जनांदोलन का स्वरूप देने पर जोर देते हुए सभी स्वजातीय बंधुओ और नागरिकों से जन जागरण रैली में शामिल होने की अपील की गई।

## भंडारे के साथ पार्थिव शिवलिंग पूजन का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

जीवाजीपुर स्थित वेदांत आश्रम में श्रावण मास के पावन अवसर पर एक माह से प्रतिदिन चल रहे पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं पूजन-अर्चन का गुरुवार को विधिवत समापन हुआ। समापन अवसर पर विशेष पूजन, हवन एवं भंडारे का आयोजन किया गया। धार्मिक अनुष्ठान में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया। श्रावण मास के दौरान आश्रम में प्रतिदिन श्रद्धालुओं द्वारा मिट्टी से पार्थिव शिवलिंग का निर्माण किया जाता था। विधि-विधान से शिवलिंग की स्थापना कर पूजन, अभिषेक एवं आराधना की जाती रही। पूरे माह चले इस अनुष्ठान के कारण आश्रम परिसर में प्रतिदिन आध्यात्मिक वातावरण बना रहा। अंतिम दिवस भी श्रद्धालुओं ने श्रद्धाभाव से पार्थिव शिवलिंग का पूजन-अभिषेक कर अनुष्ठान की पूर्णाहुति में सहभागिता की। समापन दिवस के यजमान रामअवतार, रामनिवास एवं मनोज मूंदड़ा रहे। आचार्यों के निर्देशन में



विधि-विधान से पूजन संपन्न कराया गया। इसके बाद हवन में श्रद्धालुओं ने आहुतियां अर्पित कर विश्व कल्याण, नगर की सुख-समृद्धि और सभी के मंगल की कामना की। इस अवसर पर संतों एवं आचार्यों ने पार्थिव शिवलिंग पूजन की महिमा बताते हुए कहा कि श्रावण मास में भगवान शिव की आराधना का विशेष महत्व है। पार्थिव शिवलिंग निर्माण की साधना में मिट्टी के माध्यम से शिव स्वरूप का निर्माण कर श्रद्धालु अपनी श्रद्धा अर्पित करता है। समापन अवसर पर आश्रम में आयोजित भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। पूरे माह चले अनुष्ठान की पूर्णाहुति के बाद श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का स्मरण करते हुए अगले वर्ष भी इसी प्रकार धार्मिक आयोजन निरंतर जारी रखने की कामना की। इस अवसर पर वेदांत आश्रम के महंत हरिहर दास महाराज, उपाध्यक्ष गणेश राम रघुवंशी, सचिव सौरव सुहाने, तरवर सिंह रघुवंशी, दीपक कुमार निगम, प्राचार्य बाबू सिंह रघुवंशी, वेदाचार्य शुभम मिश्र, दीपक पांडे, छात्रगण एवं अन्य भक्तगण उपस्थित रहे।

## छात्र संपादक मंडल की बैठक संपन्न



**गंजबासौदा।** गुरुवार को नवांकुर विद्यापीठ में निर्देशक शैलेंद्र कुमार दीक्षित और प्राचार्य संदीप कुमार रावत की उपस्थिति में क्रमशः पत्रिका के छात्र संपादक मंडल की बैठक संपन्न हुई, जिसमें नवांकुर विद्यापीठ से दिव्यांश सोनी, नविका गौड़, नंदिनी रघुवंशी, उपासना जाट, श्रीजी दुबे, राधिका भार्गव, नित्या तोमर, मनन सुमन व जिज्ञासु शर्मा, डॉल्फिन स्कूल से कौशकी दुबे, मेघा जैन, विहान गौड़, गौरव शर्मा तथा तपोवन हाई स्कूल से अंशिका साहू का चयन संपादक मंडल हेतु किया गया। छात्र दिव्यांश सोनी को प्रधान संपादक चुना गया। क्रमशः पत्रिका के वार्षिक अंक का प्रकाशन किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रधान संपादक शिक्षक अवधेश कुशवाह भी उपस्थित थे।

### खाद्य सामग्री की लगातार बढ़ती कीमतों, डीजल-पेट्रोल के बढ़ते दामों का विरोध

# महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन आमजन और व्यापारियों से किया जनसंवाद



हरिभूमि न्यूज ⏭सिरोंज

महंगाई, खाद्य सामग्री की लगातार बढ़ती कीमतों, डीजल-पेट्रोल के बढ़ते दामों और ई-20 नीति के विरोध में गुरुवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा बालेजा पेट्रोल पंप, बासौदा नाका चौराहे पर जोरदार विरोध प्रदर्शन एवं जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। कांग्रेसजनों ने आम नागरिकों एवं व्यापारियों से संवाद कर बढ़ती महंगाई के कारण परिवारों के बिगड़ते घरेलू बजट और आम आदमी पर पड़ रहे आर्थिक बोझ को लेकर चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और महंगाई पर तत्काल नियंत्रण किए जाने की मांग उठाई। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि रोजमर्रा की जरूरतों की वस्तुओं के दाम बढ़ने से आम परिवारों का घरेलू बजट लगातार प्रभावित हो रहा है। खाद्य सामग्री से लेकर पेट्रोल-डीजल तक बढ़ती कीमतों का असर किसान, मजदूर, छोटे व्यापारी और मध्यमवर्गीय परिवारों पर दिखाई दे रहा है।

### महंगाई से हर वर्ग प्रभावित

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों के कारण खाद्य सामग्री, डीजल, पेट्रोल सहित रोजमर्रा की जरूरतों की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। इसका सीधा असर आम आदमी की जेब पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि महंगाई के कारण परिवारों का घरेलू बजट बिगड़ गया है और लोगों को आवश्यक वस्तुओं की खरीदारी में भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसान खेती में डीजल, खाद, बीज और अन्य जरूरी सामग्री की बढ़ती लागत से परेशान है, वहीं मजदूर और निम्न आय वर्ग के परिवारों के लिए रोजमर्रा के खर्चों को पूरा करना चुनौती बनता जा रहा है। छोटे व्यापारी भी महंगाई के कारण प्रभावित हैं, क्योंकि सामान की लागत बढ़ने के साथ बाजार में ग्राहकों की खरीदारी क्षमता पर भी असर पड़ रहा है। वही कांग्रेस नेताओं ने प्रदर्शन के दौरान ई-20 नीति को लेकर भी अपनी चिंताएं व्यक्त कीं। कांग्रेस पदाधिकारियों का कहना था कि सरकार को ई-20 नीति के प्रभावों को लेकर किसानों और आम उपभोक्ताओं के हितों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी नीति का निर्धारण करते समय उसके आर्थिक प्रभावों के साथ किसानों और आम जनता के हितों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

### बाजार में पहुंचकर व्यापारियों और नागरिकों से किया संवाद

विरोध प्रदर्शन का एक प्रमुख हिस्सा जनसंवाद रहा। कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता क्षेत्र के नागरिकों और व्यापारियों के बीच पहुंचे तथा महंगाई को लेकर उनकी समस्याएं जानीं। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि महंगाई का मुद्दा केवल राजनीतिक नहीं बल्कि सीधे तौर पर आम परिवार की रसोई और रोजमर्रा के जीवन से जुड़ा हुआ है। लोगों ने भी बढ़ती कीमतों को लेकर अपनी परेशानियां कांग्रेस कार्यकर्ताओं के सामने रखीं। कार्यकर्ताओं ने कहा कि महंगाई के मुद्दे को लेकर कांग्रेस लगातार जनता के बीच जाएगी और आम लोगों की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने का प्रयास करेगी। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि जनता की आवाज को दबने नहीं दिया जाएगा और जनहित के मुद्दों को लेकर संघर्ष जारी रहेगा। कार्यक्रम के दौरान बासौदा नाका चौराहे पर प्रदर्शन और नारेबाजी के बाद कांग्रेस कार्यकर्ता जुलूस के रूप में बस स्टैंड की ओर रवाना हुए। कार्यकर्ताओं ने रास्ते भर महंगाई के विरोध में नारे लगाए और सरकार से आम जनता को राहत देने की मांग की। बस स्टैंड पहुंचकर कांग्रेसजनों ने अपना विरोध दर्ज कराया। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुरेश यादव,शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सेफू गद्दी,देवपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अर्जुन राजपूत, वरिष्ठ किसान कांग्रेस नेता सुरेंद्र रघुवंशी,पार्षद रामदयाल विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ कांग्रेसजन एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# प्रस्तावित समान नागरिक संहिता को लेकर जमीअत उलेमा ने सौंपा ज्ञापन

### मुस्लिम पर्सनल लॉ और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरोंज



मध्य प्रदेश में प्रस्तावित समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लेकर मुस्लिम समाज एवं जमीअत उलेमा तहसील सिरोंज की ओर से राष्ट्रपति के नाम एक विस्तृत ज्ञापन एवं आपत्ति पत्र अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) सिरोंज के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। ज्ञापन के माध्यम से मुस्लिम समाज के धार्मिक एवं संवैधानिक अधिकारों, मुस्लिम पर्सनल लॉ तथा सांस्कृतिक पहचान की रक्षा किए जाने की मांग की गई। जमीअत उलेमा तहसील सिरोंज की ओर से एडवोकेट शोएब खान ने ज्ञापन का वाचन करते हुए कहा कि यह अभ्यावेदन किसी धर्म या समुदाय के विरोध में नहीं है, बल्कि भारतीय संविधान की मूल भावना, धार्मिक स्वतंत्रता, सांस्कृतिक विविधता, सामाजिक सद्भाव और प्रत्येक नागरिक के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के उद्देश्य से प्रस्तुत किया गया है। ज्ञापन में कहा गया कि संविधान का अनुच्छेद 44 राज्य के नीति-निर्देशक तत्वों का हिस्सा है, जबकि नागरिकों को प्राप्त मौलिक अधिकार संवैधानिक संरक्षण प्रदान करते हैं। मुस्लिम समाज के विवाह, तलाक, उत्तराधिकार एवं अन्य पारिवारिक मामलों से जुड़े मुस्लिम पर्सनल लॉ (शरीअत) को लंबे समय से विधिक मान्यता प्राप्त है और यह मुस्लिम समाज की धार्मिक आस्था एवं व्यक्तिगत जीवन से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय है। ज्ञापन में संविधान के अनुच्छेद 14, 21, 25, 26, 29 एवं 30 का उल्लेख करते हुए धार्मिक स्वतंत्रता, समानता, व्यक्तिगत अधिकारों एवं सांस्कृतिक पहचान के संरक्षण की मांग की गई। जमीअत उलेमा ने कहा कि यदि प्रस्तावित यूसीसी में अनुसूचित जनजातियों अथवा अन्य विशेष समूहों को उनकी परंपराओं एवं रीति-रिवाजों के आधार पर विशेष प्रावधान या छूट दी जाती है, तो मुस्लिम समाज के व्यक्तिगत कानूनों एवं धार्मिक मान्यताओं के संबंध में भी समान संवैधानिक दृष्टिकोण अपनाया जाना चाहिए।

### व्यापक जन-परामर्श की मांग

वहीं ज्ञापन में 21वें विधि आयोग के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा गया कि समान नागरिक संहिता जैसा संवेदनशील और व्यापक प्रभाव वाला विषय केवल कानूनी प्रक्रिया तक सीमित न रहकर समाज के सभी वर्गों से विचार-विमर्श के बाद आगे बढ़ाया जाना चाहिए। इसके लिए सभी धार्मिक समुदायों, विधि विशेषज्ञों, महिला संगठनों, सामाजिक संगठनों एवं नागरिक समाज के प्रतिनिधियों से व्यापक, निष्पक्ष एवं पारदर्शी जन-परामर्श कराने की मांग की गई। जमीअत उलेमा ने राष्ट्रपति महोदय से आग्रह किया कि प्रस्तावित समान नागरिक संहिता के सभी प्रावधानों, प्राप्त आपत्तियों एवं सुझावों पर निष्पक्ष और संवैधानिक दृष्टिकोण से विचार किया जाए। साथ ही यदि किसी प्रावधान से मुस्लिम समाज की धार्मिक स्वतंत्रता, मुस्लिम पर्सनल लॉ अथवा मौलिक अधिकार प्रभावित होने की आशंका हो तो उस पर पुनर्विचार करते हुए आवश्यक संशोधन किया जाए। ज्ञापन के माध्यम से जमीअत उलेमा ने विश्वास व्यक्त किया कि राष्ट्रपति महोदय संविधान की मूल भावना, धार्मिक स्वतंत्रता, सांस्कृतिक विविधता और सामाजिक सद्भाव को ध्यान में रखते हुए न्यायसंगत एवं संविधानसम्मत निर्णय के लिए आवश्यक कदम उठाएंगी।

# यात्री बसों की सघन चैकिंग कार्रवाई : 09 यात्री बसों से 24000 रुपए जुर्माना राशि वसूली

**सागर।** परिवहन आयुक्त मध्यप्रदेश ग्वालियर द्वारा त्यौहारों का सीजन होने से यात्री बसों में ओव्हरलोड, अधिक किराया वसूली करने वाली यात्री बसों, जलमग्नीय पुल-पुलियों से वाहनों का संचालन करने वाले वाहनों की चौकिंग संबंधी कार्यवाही किये जाने हेतु दिये गये निर्देश के अनुक्रम में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, सागर के निर्देशन में प्रवर्तन अमले द्वारा बहेरिया तिराहा, दमोह, बण्डा, नरसिंहपुर मार्ग पर 32 यात्री वाहनों को चौक किया गया, जिनमें से मात्र 09 यात्री बसों में मौके पर दस्तावेज नहीं पाये गये, चालक का लायसेंस नहीं, एचएसआरपी नम्बर प्लेट नहीं, हेड लाईट, इण्डीकेटर ठीक नहीं, रेडीयम रिफ्लेक्टर टेप लगा हुआ नहीं पाया गया, आदि कमियां पाये जाने पर उन वाहनों से मोटरयान अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत चालानी कार्यवाही करते हुए 24000/- का जुर्माना वसूल किया गया। परिवहन आयुक्त मध्यप्रदेश ग्वालियर द्वारा दिये गये निर्देशानुसार इस कार्यालय द्वारा जिला बस आपरेटर एसोशिएशन एवं ट्रक ऑपरेटर एसोशिएशन को पत्र जारी कर निर्देशित किया गया है कि श्रावण मास में आयोजित होने वाली कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा की दृष्टि से आवश्यक सावधानियां बरतने, सड़क पर यदि कांवड़ यात्री यात्रा कर रहे है तो उनकों ध्यान में रखकर एवं उनसे पर्याप्त दूरी बनाये रखते हुए वाहनों का संचालन सुनिश्चित करेंगे। आगामी दिनों में रक्षाबंधन का त्यौहार है, ऐसी स्थिति में सभी यात्री बस संचालक यह ध्यान रखेगें कि किसी भी स्थिति में बैठक क्षमता से अधिक यात्रियों का परिवहन न किया जाये, निर्धारित किराये से अधिक किराया नहीं लिया जाये, ओव्हर स्पीडिंग नहीं की जावे तथा समस्त वैध दस्तावेजों एवं सुरक्षा उपायों के साथ ही यात्री बसों का संचालन किया जावे। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने समस्त वाहनस्वामियों को हिदायत दी है कि वे अपने वाहनों के संचालन के दौरान वाहन से संबंधित समस्त दस्तावेजों यथा बीमा, फिटनेस, परमिट आदि अनिवार्य रूप से साथ में रखें।

### महिला सशक्तिकरण, संगठन विस्तार एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर हुई महत्वपूर्ण चर्चा

# श्वेता आनंद त्यागी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष रूप कुमारी चौधरी से की मुलाकात

**सिरोंज।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यालय मंत्री श्वेता आनंद त्यागी ने महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष रूप कुमारी चौधरी से मुलाकात कर संगठनात्मक विषयों को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा की।

इस दौरान महिला मोर्चा को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने के साथ-साथ महिलाओं को संगठन से जोड़ने तथा महिला हितों से जुड़े विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। मुलाकात के दौरान श्वेता आनंद त्यागी ने प्रदेश में महिला मोर्चा द्वारा किए जा रहे संगठनात्मक कार्यों एवं विभिन्न गतिविधियों की जानकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष रूप कुमारी चौधरी को दी। उन्होंने बताया कि महिला मोर्चा द्वारा केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को महिलाओं तक पहुंचाने तथा समाज में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष रूप कुमारी चौधरी ने महिला मोर्चा की पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, अधिक से अधिक महिलाओं को पार्टी की विचारधारा से जोड़ने और महिलाओं के हित में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।



उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में महिला कार्यकर्ताओं की भूमिका लगातार महत्वपूर्ण होती जा रही है और संगठन को मजबूत बनाने में महिला मोर्चा की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। श्वेता आनंद त्यागी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष से मुलाकात को संगठनात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि वरिष्ठ नेतृत्व से मिलने वाला मार्गदर्शन महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओं के लिए नई ऊर्जा और दिशा प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा सौंपे गए दायित्वों का पूरी निष्ठा और सक्रियता के साथ निर्वहन करते हुए महिलाओं के बीच पार्टी की नीतियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। इस अवसर पर महिला मोर्चा के आगामी कार्यक्रमों, संगठनात्मक गतिविधियों और महिलाओं को अधिक से अधिक संख्या में पार्टी से जोड़ने सहित विभिन्न विषयों पर भी चर्चा हुई। मुलाकात के बाद श्वेता आनंद त्यागी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष रूप कुमारी चौधरी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## कागपुर पक्षी कंजर्वेशन रिजर्व घोषित, 53.5 हेक्टेयर क्षेत्र में संरक्षित होंगे वन्य पक्षी और उनका प्राकृतिक आवास

पक्षी कंजर्वेशन से वन्य पक्षियों के संरक्षण को मजबूती मिलेगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

मध्यप्रदेश शासन के वन विभाग ने विदिशा जिले के कागपुर क्षेत्र को कागपुर पक्षी कंजर्वेशन रिजर्व के रूप में घोषित किया है। राज्य सरकार ने वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की धारा 36(क) के तहत अधिसूचना जारी की है, जिसका प्रकाशन 25 अगस्त 2026 को मध्यप्रदेश राजपत्र में किया गया।

वन विभाग के अनुसार स्थानीय समुदायों से परामर्श के बाद कागपुर क्षेत्र को पक्षी संरक्षण की दृष्टि से महत्वपूर्ण पाया गया। यह क्षेत्र बेतवा एवं बाह्य नदियों के बीच स्थित है, जहां मौजूद प्राचीन जलीय संरचना और तालाब बड़ी संख्या में वन्य पक्षियों के लिए प्राकृतिक आवास और बसेरे का कार्य करते हैं।

अधिसूचना के अनुसार कंजर्वेशन रिजर्व का कुल क्षेत्रफल 0.535 वर्ग किलोमीटर अर्थात 53.5 हेक्टेयर है। इसमें ग्राम कागपुर के खसरा क्रमांक 125 एवं 126 तथा ग्राम गातला के खसरा क्रमांक 1, 2, 90/1 एवं 105 की भूमि शामिल की गई है। शासन ने रिजर्व की सीमाएं उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम दिशा में राजस्व सीमाओं एवं कृत्रिम सीमाओं के आधार पर निर्धारित की हैं। भौगोलिक निर्देशांक भी अधिसूचना में दर्ज किए गए हैं, जिससे संरक्षित क्षेत्र की सीमा स्पष्ट रूप से चिन्हित की जा सकेगी। कागपुर क्षेत्र के आसपास वनभूमि या जंगल नहीं होने के कारण यहां मौजूद पक्षियों और उनके प्राकृतिक आवास के संरक्षण के लिए कंजर्वेशन रिजर्व का दर्जा महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस निर्णय से क्षेत्र की जैव विविधता, जलीय पारिस्थितिकी और वन्य पक्षियों के संरक्षण को मजबूती मिलेगी।

## सात गांवों में आबकारी विभाग की कार्रवाई, इतने ही आरोपी भी दबोचे

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

- अवैध शराब की धरपकड़ के जारी रहेगा अभियान।

जिले में अवैध मदिरा के कब्जे, परिवहन और विक्रय के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आबकारी विभाग ने वृत्त कुरवाई क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए 87 पाव देशी मदिरा जब्त की है। जब्त मदिरा की अनुमानित कीमत करीब 7,500 रुपए बताई गई है।

कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर 26 अगस्त को आबकारी विभाग की संयुक्त दबिश टीम ने सात अलग-अलग गांवों में कार्रवाई की। सहायक आबकारी अधिकारी संजय थापक ने बताया कि टीम ने ग्राम करमोदिया, मॉडल, ककरूआ पठार, नाही, कांकर, सिहोरा और बाबई खुर्द में दबिश देकर सात आरोपियों के कब्जे से अवैध मदिरा बरामद की गई। आबकारी विभाग ने संबंधित आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34 एवं 36 के तहत प्रकरण दर्ज किए हैं। विभाग ने स्पष्ट किया कि वृत्त कुरवाई सहित जिलेभर में अवैध मदिरा के कारोबार के खिलाफ विशेष अभियान निरंतर जारी रहेगा और दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## अहमदपुर में महंगाई के विरोध में प्रदर्शन



**अहमदपुर।** मप्र कांग्रेस कमेटी एवं जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देश अनुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी विदिशा ग्रामीण द्वारा अहमदपुर कस्बा में प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम प्रभारी राजेश दुबे ने कहा की भाजपा ने कहा था बहुत हुई महंगाई की मार अबकी बार मोदी सरकार जैसे जुमले सुनाए और आज इनके विपरीत जनता हर तरफ महंगाई से त्रस्त है। ब्लॉक अध्यक्ष उमराव सिंह कुशवाह ने कहा भाजपा कहती थी अच्छे दिन आएंगे लेकिन आज शक्कर 75 रुपए प्रति किलो, पेट्रोल 116 रुपए लीटर और गैस सिलेंडर 1000 का हो गया। क्या यही बीजेपी के अच्छे दिन हैं। जिनका भाजपा ने वादा किया था। इस अवसर पर मंडलम अध्यक्ष राकेश ठाकुर, हरिओम शर्मा, जमनाप्रसाद बरुआ, पुनीतराम कुशवाह, संतोष साहू, खूब सिंह, रूप सिंह ठाकुर, महाराज सिंह, मदन सिंह, शिवचरण, सीताराम, विजय सिंह, गेंदलाल, मोहन सिंह, धनीराम, नारायण सिंह, मलखान सिंह, सनमान सिंह, चैन सिंह आदि कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# कुरवाई में महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का हल्लाबोल प्रदर्शन

### खा गए शक्कर, पी गए तेल के नारों से गूंजा कुरवाई



कुरवाई। सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर महंगाई के विरोध में नारेबाजी की गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरवाई

बढ़ती महंगाई के विरोध में कुरवाई ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा जोरदार प्रदर्शन किया गया।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने खा गए शक्कर, पी गए तेल, वाह रे भाजपा कैसा तेरा खेल जैसे नारों के साथ केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ अपना आक्रोश व्यक्त किया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि त्योहार के समय शक्कर के बढ़ते दामों ने आम आदमी की थाली से मिठास छीन ली है। खाद्य तेल, शक्कर सहित रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुओं के लगातार बढ़ते दामों से आम परिवारों का बजट बिगड़ रहा है। प्रदर्शन का नेतृत्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष उमेश तिवारी एवं शहर कांग्रेस अध्यक्ष जफर शेख ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे और बढ़ती महंगाई तथा केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि महंगाई का सबसे अधिक असर गरीब, मजदूर, किसान और मध्यम वर्ग के परिवारों पर पड़ रहा है। सरकार को आम जनता को राहत देने के लिए आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों पर तत्काल नियंत्रण करना चाहिए।

## नवीन स्कूल व आंगनबाड़ी में बुनियादी सुविधाएं हों: कलेक्टर

### पहले होगा परीक्षण और शिक्षक नहीं कर सकेंगे अधिग्रहण

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जिले में निर्माणाधीन स्कूल एवं आंगनबाड़ी भवनों की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी नवीन भवनों में आवश्यक बुनियादी सुविधाओं की शत-प्रतिशत उपलब्धता सुनिश्चित होने के बाद ही उनका अधिग्रहण किया जाए।

कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि भवन निर्माण पूर्ण होने के बाद स्थानीय एसडीएम अथवा तहसीलदार के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा संयुक्त भ्रमण एवं परीक्षण किया जाएगा। भवन में उपलब्ध प्रत्येक सुविधा और निर्माण कार्य की मौके पर जांच के बाद ही अधिग्रहण की कार्रवाई होगी। उन्होंने निर्देश दिए कि शिक्षक अपने स्तर पर भवन अधिग्रहण की कार्रवाई न करें। कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि प्रत्येक नवीन स्कूल एवं आंगनबाड़ी भवन में क्रियाशील शौचालय, पर्याप्त पेयजल, विद्युत कनेक्शन एवं पंखों की व्यवस्था अनिवार्य रूप से होनी चाहिए।

## महंगाई के विरोध में कांग्रेसियों ने राहगीरों को बांटी शक्कर

**गुलाबगंज।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं जिला अध्यक्ष मोहित रघुवंशी के निर्देशानुसार गुलाबगंज में ब्लॉक कांग्रेस ने गुरुवार को त्योहारों के सीजन में बढ़ती महंगाई के विरोध में प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने गुलाबगंज मुख्य बाजार में रैली के रूप में राहगीरों और दुकानदारों को शक्कर बांटकर एवं नारेबाजी की। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कहा कि बढ़ती महंगाई से आम जनता परेशान है। बस किराया, शक्कर, पेट्रोल-डीजल, ई 20 पेट्रोल, बिजली बिल, गैस सिलेंडर, खाद्य तेल सहित रोजमर्रा की जरूरतों की वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। त्योहारों के सीजन में महंगी होती शक्कर के कारण मिठास भी फीकी पड़ रही है, वहीं प्याज के बढ़े दाम आम लोगों को रुला रहे हैं। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों के कारण आम जनता पर महंगाई का बोझ बढ़ रहा है। उन्होंने सरकार से रोजमर्रा की जरूरतों की वस्तुओं के दाम कम करने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की। प्रदर्शन में मुख्य रूप से कार्यक्रम प्रभारी जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र यादव , ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने सरकार से महंगाई पर तत्काल नियंत्रण करने और आमजनता को राहत देने की मांग की।

## महंगाई के विरोध में शक्कर बांटकर विरोध

**शमशाबाद।** बढ़ती महंगाई के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने पुराना बस स्टैंड पर प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए लोगों को शक्कर वितरित कर महंगाई के प्रति विरोध जताया।ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सोनू यादव ने कहा कि महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। शक्कर, तेल और रोजमर्रा की जरूरतों की वस्तुओं के बढ़ते दामों से हर वर्ग परेशान है। सरकार को महंगाई पर नियंत्रण करने के साथ किसानों को पर्याप्त खाद उपलब्ध कराना चाहिए।इस अवसर पर रविन्द्र जादौन ,धनराज धाकड़,पंचम सिंह किरार,बलवीर धाकड़,नीरज यादव,सतीश यादव,कमल सिंह राजपूत,कलेक्टर यादव,हेमंत यादव,संदीप यादव,मनोज कुशवाह ,सुनील यादव सहित जिला कांग्रेस , ब्लॉक कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कलेक्ट्रेट घेराव करने निकले एबीवीपी कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रोका

### विद्यार्थी हुंकार अभियान के तहत 200 से अधिक कार्यकर्ताओं ने उठाईं महाविद्यालयों की मूलभूत समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा विद्यार्थियों की मूलभूत आवश्यकताओं एवं महाविद्यालयों में बेहतर शैक्षणिक वातावरण की मांग को लेकर चलाए जा रहे विद्यार्थी हुंकार अभियान के अंतर्गत गुरुवार को भारी बारिश के बावजूद 200 से अधिक कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर घेराव किया और विद्यार्थियों की प्रमुख मांगों को लेकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा।

जिला संयोजक गोविंद रघुवंशी एवं नगर मंत्री सूर्यांश दांगी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने स्वच्छ पेयजल, पर्याप्त एवं स्वच्छ शौचालय, छात्राओं के लिए आवश्यक सुविधाएं, दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए सुगम व्यवस्था, पर्याप्त बेंच-डेस्क, प्रकाश व्यवस्था, पार्किंग, इंटरनेट एवं डिजिटल सुविधाओं की मांग उठाई। ज्ञापन में महाविद्यालयों में प्राथमिक उपचार एवं स्वास्थ्य सुविधाएं, विद्यार्थी सहायता केंद्र, पुस्तकालयों का आधुनिकीकरण, प्रयोगशालाओं का उन्नयन, खेल सुविधाओं का विकास, स्वच्छ एवं हरित परिसर, सीसीटीवी सुरक्षा तथा कॉमन रूम और बैठने-विश्राम की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने की भी मांग की गई। परिषद ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ सुरक्षित, स्वच्छ और सुविधाजनक शैक्षणिक वातावरण विद्यार्थियों का अधिकार है। इस दौरान बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं परिषद कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### नव कार्यकारिणी गठित

**सागर।** डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के (लेडीज क्लब) महिला समाज सत्र 2026-27 की नवीन कार्यकारिणी गठित की गई है। नवगठित कार्यकारिणी में अध्यक्ष अनीता सोनी, सचिव नम्रता मालवीय, कोषाध्यक्ष कुंदन सिंह, कार्यकारिणी सदस्य संगीता सिंह हैं।

**NAME CHANGE**

This is to inform I aman agarwal (son of arvind agarwal)—resident of 37, Durga chowk, ward no 19, talaiya, Vidisha (MP), Pin Code 464001— change my name Aman Agarwal to aman agrawal and known by this name. will be known as for all purposes and in all records.

### 15वें वित्त की राशि से खरीदे जा रहे वाहन, नियमित कचरा संग्रहण की व्यवस्था पर सवाल

# ग्राम पंचायतों में पहुंची सफाई ई-साइकिल हाल यह चलाने के लिए कर्मचारी ही नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭रायसेन

जिले की सभी 498 ग्राम पंचायतों को स्वच्छ और कचरा मुक्त बनाने के लिए शासन स्तर से सफाई व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत पंचायतों में 15वें वित्त आयोग की राशि से करीब 25 हजार रुपए की लागत वाली सफाई ई-साइकिल खरीदीगईं हैं। कई पंचायतों में ये वाहन पहुंच भी चुके हैं। लेकिन इनके संचालन के लिए स्वीपर की नियुक्ति नहीं होने से योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

**कचरा एकत्रित कर उसे उचित स्थान तक पहुंचाना है**



दरअसल ई-साइकिल का उद्देश्य गांव के अलग-अलग वार्डों और सार्वजनिक स्थानों से कचरा एकत्रित कर उसे उचित स्थान तक पहुंचाना है। सफाई वाहन उपलब्ध होने के बाद ग्रामीणों को उम्मीद थी कि गांवों में नियमित कचरा संग्रहण की व्यवस्था शुरू होगी और सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी कम होगी। लेकिन ग्राम पंचायतों में सफाई कर्मचारी नहीं होने से कई जगह वाहन खड़े रहने की स्थिति बन रही है।

### किस मद से होगा स्वीपर के वेतन का भुगतान, स्थिति स्पष्ट नहीं

सांची ब्लॉक 84 ग्राम पंचायतों के सामने सबसे बड़ी समस्या सफाई वाहन चलाने के लिए कर्मचारी की व्यवस्था की है। यदि पंचायत स्तर पर स्वीपर की नियुक्ति की जाती है तो उसके मानदेय या वेतन का भुगतान किस मद से किया जाएगा। इसे लेकर स्थिति पूरी तरह स्पष्ट नहीं है। ग्राम पंचायतों के पास सीमित संसाधन होने के कारण अतिरिक्त वित्तीय भार की चिंता भी बनी हुई है। ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों का कहना है कि सिर्फ सफाई वाहन खरीदने से गांवों में स्वच्छता व्यवस्था बेहतर नहीं होगी। वाहन के संचालन, कचरा संग्रहण और उसे निर्धारित स्थान तक पहुंचाने के लिए नियमित कर्मचारी की व्यवस्था भी जरूरी है। यदि कर्मचारी नहीं होंगे तो खरीदे गए सफाई वाहनों का उपयोग प्रभावी तरीके से नहीं हो सकेगा।

### पंचायतों में नियमित सफाई कर्मचारी की व्यवस्था नहीं

गांवों में पहले से ही नियमित सफाई कर्मचारियों की कमी बनी हुई है। ऐसे में नई ई-साइकिल उपलब्ध कराने के बाद भी यदि इनके संचालन के लिए कर्मचारी नहीं रखे जाते हैं तो स्वच्छता अभियान का उद्देश्य अधूरा रह सकता है। ग्राम पंचायतों के सरपंच भूरी बाई संतोष ठाकुर सीमा हृदय मोहन बघेल , गिरजेश नायक, भानु लोधी, रघुवीर सिंह मीणा का कहना है कि शासन स्तर से यह स्पष्ट किया जाना चाहिए कि सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति किस प्रक्रिया के तहत होगी और उनके भुगतान की जिम्मेदारी किसकी होगी। पंचायत प्रतिनिधियों ने मांग की है कि सफाई वाहनों के साथ उनके संचालन के लिए स्थायी अथवा नियमित कर्मचारी की व्यवस्था भी की जाए, ताकि 15वें वित्त की राशि से खरीदे जा रहे इन वाहनों का ग्रामीणों को वास्तविक लाभ मिल सके।

### जल्द उपयोग की दरकार

इस मामले में ग्राम पंचायत बनगवां के सचिव ने केके धाकड़ ने कहा किपंचायत को तीन नए साइकिल रिक्शा मिले हैं। लेकिन इसका अब तक उपयोग तक नहीं हुआ है। ग्राम पंचायत भवन के बाहर खुली जगह में इन रिक्शे को रखा गया है। जल्द ही इसे उपयोग में लाया जाएगा।

### कबाड़ में तब्दील हो रहे साइकिल रिक्शा

शासन ने सभी ग्राम पंचायतों में स्वच्छता बनाए रखने को घरों से कचरा उठाने के उद्देश्य से साइकिल रिक्शा दिया गया था। लेकिन इन सभी कचरा कलेक्शन ई रिक्शे को खुले जगह में छोड़ दिया गया है। ग्राम पंचायत की उदासीनता के कारण सैकड़ों कचरा वाहन में जंग लगता जा रहा है। जंग के कारण ये कचरा साइकिल भी कबाड़ में तब्दील हो गई है

### कुछ दिन पूर्व आया आदेश

अभी तक शासन प्रशासन की तरफ से कोई आदेश नहीं आया था। कुछ दिनों पूर्व ही आदेश आया है, जिसके बाद कुछ महिलाओं को साइकिल रिक्शा का वितरण किया जाएगा। वे ग्राम पंचायत के हर वार्ड से कचरा उठाकर सेग्रिगेशन शेड में ले जाकर इकट्ठा कर खाद बनाने का काम करेंगी।

यशवंत बबलू मीणा, जिला पंचायत अध्यक्ष रायसेन

### वितरण का आदेश

वितरण करने को लेकर पूर्व में आदेश दिया जा चुका है। कुछ-कुछ जगहों पर अभी साइकिल रिक्शा का वितरण नहीं हुआ है। क्यों नहीं हुआ इसकी जानकारी लेने के बाद जल्द वितरण कराया जाएगा।

कमल सोलंकी, जिला पंचायत सीईओ रायसेन

# महंगाई के खिलाफ कांग्रेस ने निकाली रैली, नुक्कड़ सभा के बाद सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭रायसेन



बढ़ती महंगाई के विरोध में गुरुवार को रायसेन शहर एवं ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में प्रदर्शन किया गया। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भोपाल-सागर तिराहा से रैली निकाली। कार्यकर्ताओं ने पेट्रोल, शक्कर और रसोई गैस की बढ़ती कीमतों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सरकार से महंगाई पर अंकुश लगाने की मांग की। रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास पहुंची। यहां कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने नुक्कड़ सभा आयोजित कर बढ़ती महंगाई को लेकर केंद्र और राज्य सरकार पर निशाना साधा। प्रमुख वक्ताओं ने कहा कि पेट्रोल, रसोई गैस और रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुओं के दाम बढ़ने से आम लोगों का घरेलू बजट बिगड़ गया है। सरकार को आम जनता को राहत देने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए।

नुक्कड़ सभा के बाद कांग्रेस कार्यकर्ता एसडीएम कार्यालय पहुंचे। यहां एसडीएम मनीष शर्मा को ज्ञापन सौंपकर महंगाई पर नियंत्रण करने और बढ़ी कीमतों से आम लोगों को राहत दिलाने की मांग की गई। प्रदर्शन में वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. जीसी गौतम, हकीम उद्दीन मंसूरी, जावेद अहमद खान, प्रभात चावला, कामता प्रसाद राजौरिया, रायसेन शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संतोष शर्मा एडवोकेट, मलखान सिंह रावत, हसीब हिंदुस्तानी, राजू माहेश्वरी, आरिफ खान कनोरा जावेद कदीर, सुनील चौहान, अकील इंडियन, ज्ञानचंद पटेल, मुकेश बंजारा, शशिकांत मीणा, चैन सिंह जाटव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 250 ग्राम गांजा के साथ युवक गिरफ्तार, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭सलामतपुर



पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता के दिशा-निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सलामतपुर पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने घेराबंदी कर एक युवक को अवैध मादक पदार्थ गांजे के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। सलामतपुर थाना प्रभारी श्यामराज सिंह सोमवंशी को मुखबिर से सूचना मिली थी कि सिंचाई विभाग कॉलोनी के पास एक संदिग्ध युवक अवैध गांजा बेचने की फिराक में घूम रहा है। थाना प्रभारी ने तत्काल रायसेन पुलिस अधीक्षक को स्थिति से अवगत कराया। एसपी के मार्गदर्शन में बिना समय गंवाए एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया। गठित पुलिस टीम में एएसआई राजेश यादव, एएसआई मोहन यादव, प्रधान आरक्षक हेत सिंह मीणा, ब्रजेश मौर्य, आरक्षक रोहित गोस्वामी और आकाश उइके ने योजनाबद्ध मौके पर दबिश दी और संदिग्ध युवक को घेरकर हिरासत में ले लिया। पूछताछ और तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 250 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुओ आरोपी की पहचान दीपक कोरी (32 वर्ष), पिता मूलचंद कोरी, निवासी रातातलाई के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत आपराधिक मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### महंगाई, बिजली, स्मार्ट मीटर के विरोध में उतरे कांग्रेसी कार्यकर्ता, राष्ट्रपति के नाम कांग्रेसियों ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭बरेली

नगर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर नगर एवं क्षेत्र के कांग्रेसी कार्यकर्ताओं पदाधिकारी ने एसडीएम ऑफिस पहुंचे कर राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन सोपा। सौंपे गए ज्ञापन में प्रमुख रूप से वस्तुओं की बढ़ती कीमतों से महंगाई बिजली की परेशानी स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध गैस खाद इत्यादि की उपलब्धता जैसे मुद्दों का उल्लेख करते हुए महंगाई नियंत्रण का आग्रह किया। त्योहार पर बढ़ी महंगाई से समाज का प्रत्येक वर्ग परेशान बना हुआ है। सबसे अधिक खाद्य वस्तुओं के दाम बढे हैं। स्मार्ट मीटर लगने से परिवारों में सैकड़ो के

# दो पालियों में होगी 9वीं से 12वीं तक की तिमाही परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭रायसेन



कक्षा 9वीं से 12वीं तक की तिमाही परीक्षा आगामी 7 सितंबर से शुरू हो रही है। परीक्षा का समापन 17 सितंबर तक होगा। तिमाही परीक्षाओ को लेकर जिले का स्कूल शिक्षा विभाग अपनी तैयारियों में जुटा हुआ है। बताया गया है कि परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जाएगी। जिसमें प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 10 से 1 बजे तक होगी। प्रथम पाली में कक्षा 9 और 10 वीं के छात्र शामिल होंगे। द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर 2 से 5 बजे तक संचालित की जाएगी। जिसमें कक्षा 11 वीं और 12 वीं के परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।

गौरतलब है कि परीक्षा में कितने छात्र छात्राएं शामिल होंगे। इसकी जानकारी जिले का शिक्षा विभाग जुटाने में लगा हुआ है। बताया गया है कि विमर्श पोर्टल पर जारी ब्लू प्रिंट के आधार पर जिला शिक्षा अधिकारी, उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य के माध्यम से प्रश्नपत्र को तैयार कराने का काम करेंगे। मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रश्नपत्र तैयार किए जाएंगे। प्रश्नपत्र तैयार करने का काम 2 सितंबर तक पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद 3 सितंबर तक प्रश्नपत्र स्कूलों में भेज दिए जाएंगे। प्रत्येक प्रश्नपत्र के हर पेज पर स्कूल का डाइस कोड, सील, बोर्ड कोड का वाटरमार्क लगाना होगा। अगर पेपर लीक होता है तो डाइस कोड से यह पता चल जाएगा।

### फोटोकॉपी के समय मौजूद रहेंगे शिक्षक

बताया गया है कि प्रश्नपत्र की फोटोकॉपी का काम स्कूल के बाहर से निजी दुकानों से कराया जाता है। इस बार प्रश्नपत्र की फोटोकॉपी कराने के दौरान शिक्षक मौके पर मौजूद रहेंगे। फोटोकॉपी होने के बाद के फ्यूटर, प्रिंटर से प्रश्नपत्र की सॉफ्ट कॉपी को डिलीट करने का काम कराएंगे।

### इनका कहना है...

आगामी 7 सितंबर से 9वीं से 12वीं की तिमाही परीक्षा होगी। प्रश्नपत्र में इस बार डाइस कोड अंकित रहेगा। जिससे प्रश्नपत्र लीक करने वाले स्कूल का पता चल जाएगा। कितने छात्र शामिल होंगे इसकी जानकारी मंगाई गई है।

डीडी रजक, डीईओ रायसेन

# गुटखा नहीं देने पर किसान पर हसिए से हमला किया, गंभीर हालत में भोपाल रेफर

हरिभूमि न्यूज ⏭रायसेन/बेगमगंज

जिले के बेगमगंज थाना क्षेत्र के ग्राम कस्बा चौका में जर्दे का गुटखा नहीं देने की बात को लेकर एक किसान पर हसिए से जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। हमले में किसान के सिर और हाथ में गंभीर चोटें आई हैं। परिजन उसे तत्काल बेगमगंज सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने भोपाल रेफर कर दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार किसान शारिक मंसूरी खेत से चारा काटने के बाद नमाज पढ़ने के लिए गांव लौट रहा था। इसी दौरान गांव के ही सुनील महाराज ने उससे जर्दे का गुटखा मांगा। शारिक खान ने गुटखा नहीं खाने और अपने पास गुटखा नहीं होने की बात कही। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया।आरोप है कि विवाद बढ़ने पर सुनील महाराज ने किसान के हाथ से हसिया छीन लिया और उसके सिर व हाथ पर वार कर दिए। अचानक हुए हमले में शारिक गंभीर रूप से घायल होकर गिर गया। घटना के बाद आसपास के लोगों और परिजनों ने उसे उपचार के लिए बेगमगंज सिविल अस्पताल पहुंचाया।

अस्पताल में डॉक्टरों ने घायल किसान का प्राथमिक उपचार किया। सिर और हाथ में गंभीर चोटें होने के कारण उसकी हालत को देखते हुए भोपाल रेफर कर दिया गया। परिजन उसे लेकर भोपाल रवाना हुए। घटना की सूचना मिलने के बाद बेगमगंज पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार मामले की जांच की जा रही है।

### हॉट बाजार में रही भारी भीड़, दिनभर खरीदारी का नजारा रहा

# आज रक्षाबंधन, भाइयों की कलाइयों पर बंधेगा रक्षा सूत्र नर्मदा तट मांगरोल में होगा श्रावणी उपाक्रम व भंडारा



हरिभूमि न्यूज ⏭बरेली

वर्षभर बहनों को अपने भाइयों की कलाइयों पर राखी रक्षा सूत्र बांधने का बेसब्री से इंतजार बना रहता है। आज शुक्रवार को नगर सहित संपूर्ण नर्मदा क्षेत्र में उमंग उत्साह के साथ रक्षाबंधन का परव मनाया जाएगा। रक्षाबंधन से एक दिन पूर्व बरेली के हॉट बाजार में भारी संख्या में दुकान लगी। ग्रामीण क्षेत्र से आई महिलाओं युवतियां द्वारा जमकर अपनी मनपसंद वस्तुओं राखी मिठाईयां एवं उपहार सामग्री की खरीद से भारी भीड़ का दिनभर नजारा बना रहा।

### हर मार्ग पर जाम की स्थिति

दुकानों एवं खरीदारों की भारी संख्या के कारण टॉकीज रोड कन्या शाला रोड छोटा बाजार बड़ा बाजार जामा मस्जिद सब्जी मंडी के आसपास सड़कों पर दुकानो हाथ ठेला लगे रहने से पैदल चलना भी जोखिम भरा बना रहा। और स्थान स्थान पर जाम की स्थिति बनी रही। रक्षाबंधन से पूर्व लाडली बहनों के खाते में रक्षाबंधन की शगुन राशि के साथ योजना की राशि आने से बाजार में सबसे अधिक खरीददार महिलाओं की संख्या रही।

### नर्मदा तट पर श्रावणी पर्व

मां नर्मदा के उत्तर तट स्थित मांगरोल मंगलेश्वर तीर्थ पर प्रतिवर्ष की भांति महामंडलेश्वर पूज्य ब्रह्मचारी जी महाराज के सानिध्य में श्रावणी उपाक्रम पर्व का प्रातः कार्यक्रम होगा श्रावणी उपाक्रम में तिल तेल से नर्मदा मैया में विशेष स्नान के साथ वैदिक मंत्रों के साथ विभिन्न क्रियाओ को संपन्न कराया जाता है। श्रावणी उपाक्रम समापन होने के बाद मंदिर में भंडारे का भी आयोजन रखा गया है।

### शत-प्रतिशत रिजल्ट का लक्ष्य

# गढ़ी में स्कूल-आंगनबाड़ी पहुंचे कलेक्टर बच्चों से पढ़वाया पाठ, जानकारी भी ली

हरिभूमि न्यूज ⏭रायसेन

गैरतगंज विकासखंड की ग्राम पंचायत गढ़ी में गुरुवार को दोपहर कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा ने शासकीय स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। स्कूल में उन्होंने शिक्षकों से विद्यार्थियों की उपस्थिति, शैक्षणिक प्रगति और पिछले साल के परीक्षा परिणाम की जानकारी ली। इस अवसर पर एसडीएम हर्षल चौधरी,सरपंच सैयद मसूद पटेल भी मौजूद रहे।कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने शिक्षकों को शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम हासिल करने के लक्ष्य के साथ मेहनत करने के निर्देश दिए। कक्षाओं के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने विद्यार्थियों से सीधे संवाद किया। उन्होंने बच्चों से पढ़ाई, स्कूल में उपलब्ध सुविधाओं, मध्यान्ह भोजन और शिक्षकों की नियमित उपस्थिति के बारे में पूछा। विद्यार्थियों से पाठ्यपुस्तक का पाठ भी पढ़वाया और उनकी समझ का आकलन किया। उन्होंने बच्चों को नियमित स्कूल आने और लक्ष्य तय कर मेहनत व लगन से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

इसके बाद कलेक्टर आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचे। यहां उन्होंने बच्चों के लिए उपलब्ध सुविधाओं, उपस्थिति, पोषण आहार और संचालित गतिविधियों की जानकारी ली। महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से केंद्र की व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा की।

# अतिक्रमणः फुटपाथ पर बाजार और चार पहिया वाहनों के प्रवेश को रोकने के बाद भी लग रहा जाम



हरिभूमि न्यूज ⏭रायसेन

शहर के गंजबाजार स्थित राखी बाजार सहित मुख्य बाजारों में त्योहारी भीड़ बढ़ने लगी है। सड़कों किनारे फुटपाथों पर अतिक्रमण पसरा हुआ है। दुकानों के सामने सड़क किनारे तक दुकानें लग रही हैं। शहर में पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने और चौपहिया वाहनों की एंट्री से जाम के हालात बन रहे हैं। त्योहार शुरू होने से बाजार में भीड़ बढ़ने लगी है। ऐसे में सड़कों पर पैदल चलना मुश्किल हो गया है। ट्रैफिक सिस्टम सुधारने जिम्मेदार अफसरों को बाजारों में व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी। गौरतलब है कि नगर पालिका परिषद यातायात पुलिस रायसेन को शहर की मुख्य सड़कों से लगातार अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई कर रहा है।

### इन समस्याओं से जूझते हैं शहरवासी

- पार्किंग के लिए पर्याप्त जगह नहीं है।
- बाजार के अंदर सड़कों पर भी पैदल चलना मुश्किल होता है।
- चौपहिया वाहनों की पार्किंग के लिए पर्याप्त स्थान नहीं है।
- बाजार के अंदर चौपहिया वाहनों की एंट्री से जाम के हालात निर्मित हो रहे हैं।
- मुख्य सड़कों पर फुटकर बाजार फिर पसरने लगा है।

**जिम्मेदारों को यह उठाने होंगे कदम**

- त्यौहारों पर पार्किंग के लिए उपयोग करने की अलग से व्यवस्था बनानी चाहिए।
- मौजूदा पार्किंग स्थल को विकसित करना चाहिए।
- सड़कों के किनारे पसरे अतिक्रमण को हटाना चाहिए।

### किराया बढ़ गया, भीड़ भी बढ़ गई पर बैठने की सुविधा नहीं बढ़ी

# भोपाल-विदिशा हाईवे पर बसों में यात्रियों की जान से खिलवाड़

हरिभूमि न्यूज ⏭दीवानगंज

यात्री बसों का किराया बढ़ने के बाद अब यात्रियों को बढ़े किराए के बदले सुविधा और सुरक्षा मिलना तो दूर, बसों में बैठने तक की जगह नहीं मिल पा रही है। भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे-18 से गुजरने वाली कई बसों में इन दिनों क्षमता से अधिक यात्रियों को बैठाए जाने के आरोप सामने आ रहे हैं। हालत यह है कि बसों के अंदर सीटें पूरी तरह भरने के बाद भी यात्रियों को खड़ा करके सफर कराया जा रहा है। बस किराए में 60 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की गई है। ऐसे में यात्रियों का कहना है कि जब किराया बढ़ाया गया है तो कम से कम उन्हें सुरक्षित और सम्मानजनक यात्रा की सुविधा तो मिलनी चाहिए, लेकिन हाईवे-18 पर स्थिति इसके उलट नजर आ रही है।



### किराया पूरा, सीट अधूरी

भोपाल-विदिशा मार्ग पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्री बसों से सफर करते हैं। बसों में सीटें भरने के बाद भी अतिरिक्त यात्रियों को बैठाने और खड़ा करके ले जाने से यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई बार बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे भी भीड़ के बीच सफर करने को मजबूर होते हैं। यात्रियों का सवाल है कि जब टिकट का पूरा किराया लिया जा रहा है तो उन्हें सीट की सुविधा क्यों नहीं मिल रही? यात्रियों के अनुसार बसों में क्षमता से अधिक सवारियां भरना न केवल असुविधा है, बल्कि दुर्घटना की स्थिति में गंभीर खतरा भी बन सकता है।

### ओवरलोडिंग पर लगाम कौन लगाएगा?

हाईवे-18 पर पहले भी ओवरलोड यात्री वाहनों और सड़क हादसों को लेकर सवाल उठते रहे हैं। इसके बावजूद बसों में अतिरिक्त सवारियां बैठाने पर प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से बस संचालकों के हौसले बुलंद होने की बात कही जा रही है। यात्रियों का कहना है कि बस संचालक अधिक से अधिक यात्रियों को भरकर मुनाफा कमाने में लगे हैं, जबकि सुरक्षा की जिम्मेदारी पीछे छूटती दिखाई दे रही है। यदि चलती बस में अचानक ब्रेक लगे या कोई हादसा हो जाए तो क्षमता से अधिक यात्रियों के कारण नुकसान कई गुना बढ़ सकता है। भोपाल-विदिशा मार्ग पर ऑनलाइन बस सेवाओं की उपलब्धता भी बताती है कि इस रूट पर नियमित रूप से बड़ी संख्या में बसें चलती हैं। इसके बावजूद स्थानीय यात्रियों को भीड़ और ओवरलोडिंग का सामना करना पड़ रहा है।

# 79 साल बाद रक्षाबंधन के त्योहार पर बन रहे कई शुभ योग



**रायसेन।** भाई-बहन के पवित्र प्रेम और स्नेह का पर्व रक्षाबंधन इस बार विशेष संयोगों के साथ मनाया जाएगा। हिंदू पंचांग के अनुसार रक्षाबंधन का पर्व 28 अगस्त शुक्रवार को धूमधाम असीम उत्साह के साथ मनाया जाएगा। ज्योतिषाचार्यों पंडित दामोदर व्यास देवनगर धर्मशास्त्री पंडित ओमप्रकाश शुक्ला राममोहन चतुर्वेदी के मुताबिक इस वर्ष रक्षाबंधन पर कई शुभ योग बन रहे हैं और खास बात यह है कि पर्व पर भद्रा का साया नहीं रहेगा। पं. शुक्ला सौजना के अनुसार इस बार रक्षाबंधन का पर्व विशेष है। रक्षाबंधन पर महालक्ष्मी योग, सर्वार्थ सिद्धि योग, अमृत योग, सुकर्मा योग और सौभाग्य योग का शुभ संयोग बन रहा है। इसके साथ ही शुक्रवार को पूर्णिमा, कुंभ का चंद्रमा, शतभिषा नक्षत्र और सुकर्मा योग का संयोग भी रहेगा। बताया गया कि ऐसा संयोग इससे पहले वर्ष 1928 में बना था। इस कारण इस संयोग को कृषि क्षेत्र के लिए भी विशेष फलदायी माना जा रहा है।

### दिनभर रहेगा शुभ मुहूर्त

पं. राममोहन चतुर्वेदी के अनुसार पूर्णिमा तिथि की शुरुआत 27 अगस्त की सुबह 8:17 बजे होगी, जो अगले दिन 28 अगस्त को सुबह 9:32 बजे तक रहेगी। उदया तिथि के अनुसार 28 अगस्त को ही पूर्णिमा तिथि पर रक्षाबंधन का पर्व मनाया जाएगा। इस बार रक्षाबंधन पर भद्रा और ग्रहण का साया भी नहीं रहेगा। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार भद्रा का अशुभ प्रभाव भी मान्य नहीं होगा। भद्रा इस बार रक्षाबंधन पर्व से एक दिन पहले रात में ही समाप्त हो जाएगी। ऐसे में बहनें पूरे दिन शुभ मुहूर्त में भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांध सकेंगी।